नवभारत
इंदौर, गुरूवार, 10 जुलाई , 2025

एक नजर में

आधार संशोधन केन्द्र के संचालन के लिए ऑपरेटर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

आलीराजपुर । जिला महिला बाल विकास अधिकारी मोनिका बघेल ने बताया कि रजिस्ट्रार मबावि (कोड 852) की आधार पंजीयन एवं संशोधन केन्द्र के संचालन हेतु परियोजना भाबरा 2, उदयगढ 2, अलीराजपुर 2, सोण्डवा 1, कटठीवाडा 1, जोबट 1 इस प्रकार कुल 9 ऑपरेटर्स के लिए आवेदन प्राप्त किये जाना है। अलीराजपुर रजिस्ट्रार मबावि (कोड 852) आधार पंजीयन एवं संशोधन केन्द्र के संचालन के लिए जिले के कोई भी इच्छुक व्यक्ति जो आधार परीक्षा उत्तीर्ण हो एवं आपराधिक पृष्ठभूमि न हो आवेदन 30 जुलाई तक कर सकते है। उक्त आवेदन एवं अवश्यक दस्तावेज की सूची द्धह्लह्लश्चह्य-//ड्डद्यद्बह्म्ड्डद्भश्चह्वह्म्.द्दश1.द्बठ्ठ एवं कलेक्टर कार्यालय (जिला ई-गवर्नेस सोसायटी) कक्ष क्र.100 में देख सकते है। एवं अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला (जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी) में संपर्क कर सकते है।

जिला स्तरीय पोषण समिति की मासिक बैठक का आयोजन हुआ

आलीराजपुर । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय पोषण समिति की मासिक बैठक का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया । बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री मोनिका बघेल द्वारा पोषण ट्रैकर एवं संपर्क ऐप पर होने वाली प्रविष्टियों एवं पोषण के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।बैठक का मुख्य उद्देश्य सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के सुचारू क्रियान्वयन एवं सतत निगरानी, पोषण आहार वितरण व्यवस्था का जिला कलेक्टर की परफॉर्मेंस इंडिकेटर (केपीआई) के रूप में समन्वय और मूल्यांकन, अति गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की (एसएएम-एमएएम) बच्चों के पोषण स्तर में सुधार पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता, मानक, ताजा गर्म पका भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित हेतु यह आवश्यक हैं कि उक्त भोजन शुद्धता से तैयार हो जिसके लिये निर्धारित किचन शेड, पर्याप्त साफ-सफाई एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) बैठक, ग्राम स्तर पर आंगनवाड़ी स्तरीय प्रबंधन समिति, समग्र पोषण हेतु आयुष आवधारणा को सम्मिलित करना आयुष विज्ञान के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती पाने के लिये स्वदेशी पारम्पिरिक पद्धतियों का उपयोग कर पोषण आवश्यकताओं की प्राप्ति की जा सकती है, पोषण वाटिका स्थापित करना। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं नाश्ते को रुचिकर बनाये जाने हेतु नाश्ता आरटीई के रूप में दिये जाने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। परियोजना अधिकारी उदयगढ़ एवं कट्ठीवाड़ा की असंतुष्ट कार्य प्रणाली के चलते आंगनवाड़ी ओपन, आधार द्र-द्म4ष्-स्न्क्रू, ।ष्टरू ह्रश्च में कुपोषित बच्चों को भर्ती करने संबंधी बिन्दुओं की प्रविष्टि के आधार पर स्ष्ह जारी करने के निर्देश दिये गए। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रखर सिंह, अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे , जिला वानिकी अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

अवैध रूप से संचालित हेल्थ क्लीनिक पर कार्रवाई

आलीराजपुर। अनुविभागीय क्षेत्र में चल रहे अवैध हेल्थ क्लीनिक एवं फर्जी डॉक्टरों के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। छापामार कार्यवाही के दौरान ग्राम नानपुर में बंगाली अपूर्व राय द्वारा माली मोहल्ले मे क्लीनिक एवं दंत चिकित्सक के रूप में क्लिनिक का संचालन किया जा रहा था, के यहां टिम पहुंची तो पाया कि संबंधित डॉक्टर के द्वारा एलोपैथी से इलाज करने के कोई मूल दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए । नानपुर में ही एक और बंगाली डॉक्टर प्रकाश मंडल द्वारा घर में ही होम नर्सिंग का संचालन किया जा रहा था इनके पास से मौके पर एलोपैथिक इलाज से संबंधित कोई मूल दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए। अनुविभागीय अधिकारी पांडे ने जानकारी दी कि बगैर किसी डिग्री के अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील करने की कार्रवाई की गई। संबंधित ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को संबंधित के खिलाफ प्रकरण तैयार कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । साथ ही क्लिनिक में उपयोग में ली जा रही दवाइयों को जब्त किया गया । इस दौरान तहसीलदार श्रीमती सविता राठी , ग्राम नानपुर पटवारी एवं राजस्व अमला सहित अन्?य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

हरियाली महोत्सव अंतर्गत बखतगढ में पौधारोपण

आलीराजपुर। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश में 1 से 7 जुलाइ तक हरियाली महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जिला अलीराजपुर में भी पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न थाना परिसरों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बखतगढ में भी निरीक्षक संतोष सिसौदिया, चौकी प्रभारी छकतला उनि राहुल के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। थाना प्रभारी बखतगढ श्री सिसौदिया ने वृक्षारोपण विशेष अवसर पर ही नहीं किया जाकर बल्कि इसे वर्षभर होनें वाले रोष्टीय, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान भी किये जानें हेतु आव्हान किया। हरियाली महोत्सव के दौरान सभी ने कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने और उसका पालन-पोषण कर हरियाली को जीवन का हिस्सा बनानें का संकल्प लिया।

किल्लत : पानी होते भी शहरवासी प्यासे...

योजना में पानी की तरह बहाया पैसा, फिर भी नही मिल रहा लाभ

नवभारत न्यूज

झाबुआ। शहरवासियों को पानी होते हुए भी पेयजल संकट का सामना करना पड रहा हैं। पानी की कमी का मामला नहीं है, बल्कि आये दिन पाईप लाइन फूटने तो कभी प्लांट में तकनीकी खराबी होने का हवाला दिया जाता है। हर वर्ष बार-बार यही शिकायत रहती है, मगर इसका स्थायी समाधान की जहमत आज तक जिम्मेदारों ने नहीं उठाई। दो वर्ष से भी अधिक समय से शहर के जल वितरण का काम नगरपालिका संभाल रही है।

इसके पूर्व यह कार्य लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के पास था, लेकिन लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्य करने के दौरान इतनी परेशानी कभी शहरवासियों को नही उठाना पडी जितनी इन दिनों उठाना पड रही है। शहरवासियों को कहना है कि नपा हर माह 200 रूपये जल कर वसूलती है जबकी लोक स्वास्था यांत्रिकी विभाग 15 से 20 रूपये प्रतिमाह शहरवासियों से जलकर लेता था। वर्तमान में नगरपालिका शहर में एक दिन छोडकर एक दिन जल का वितरण कर रही है, बावजूद आये दिन शहरवासियों को पेयजल के लिए परेशान होना पड रहा है। जबकी अभी बारिश का दौर चल रहा है और नदी में पर्याप्त पानी होने के बावजूद शहररवासी प्यासे हैं।

लोग हो रहे परेशान-शहर के कई वार्डो में पिछले चार-पांच रोज से पेयजल संकट गहराने लगा है। बुधवार को समस्या ज्यादा परवान चढ़ी। शहर के मध्य कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति बाधित हो चली है। लोग परेशान हो रहे हैं। बुधवार को ही नगर की मुख्य बाजार सहित वार्ड 4, 5 व 6 में पेयजलापूर्ति बाधित रही, जबकी बुधवार तक जो रोस्टर बनाया गया उसके तहत दुसरी बार जल वितरण होना था, लेकिन जल वितरण नही हो पाया और पेयजल के लिए लोग परेशान होते रहे। इन दिनों अंचल में रूक रूककर बारिश भी हो रही है और नदी नालों में भी पानी बहने लगा है, बावजूद लोगों को पानी के संकट का सामना करना पड रहा है।

पानी की तरह बहाया पैसा भी शहर प्यासा

लोक स्वास्थ यांत्रिकी विगाा से नगरपालिका को शहर की जल वितरण व्यवस्था सौपे जाने के बाद प्रदेश सरकार ने शहरवासी गर्मी के दिनों में भी प्यासे ना रहे और उन्हें पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, इस मकसद से नलजल योजना के तहत करोडों रूपये की राशि आवंटित की थी, जिसके बाद जल संग्रहण के लिए डेम बनाया गया और शहर के कई इलाकों में नवीन पाइप लाइन डाली गई और कई इलाकों में नई पाइप लाईन से पानी का वितरण भी किया जा रहा है, लेकिन कई इलाकों में आज भी नवीन पाइप लाईनों से जल का वितरण शुरू नही हो पाया है, वही आये दिन पाइप लाईन फुटने का हवाला देकर जल का वितरण नही किया जाता है, जबकी पूर्व परिषद के सदस्यों ने जलकर की राशि 200 रूपये प्रतिदिन जल वितरण किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की थी, लेकिन शहरवासियों को एक दिन छोडकर भी जल प्रदाय नही किया जा रहा है। आये दिन शहरवासियों को हो रही समस्या के प्रति जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे बैठे है। वही ऐसा लग रहा है कि नपा में विपक्ष है ही नही। जबकी इस समय उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह शहरवासियों को हो रही समस्या में अपनी महती भूमिका का निर्वाह कर शहरवासियों को हो रही समस्या का समाधान करे, लेकिन विपक्ष ना जाने का गायब है। शहर में आये दिन लोगों को हो रही पेयजल की समस्या के समाधान में जिला प्रशासन को हस्तक्षेप कर समस्या का स्थाई समाधान करना चाहिये, ताकि शहरवासी को गर्मी में भी जल संकट का सामना ना करना पडे।

मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

पेटलावद। नगरीय निकाय निगम मंडल विश्वविद्यालय पारंपरिक एवं गैर पारंपरिक शासकीय महाविद्यालय में कृषि महाविद्यालय में वर्तमान में कार्यकर्ता दैनिक वेतनभोगी मास्टर कुर्मी अंश कालीन कर्मचारी को स्थाईकर्मी घोषित किया जाए। वन विभाग में कार्यरत सुरक्षा श्रमिक वन विकास निगम में कार्यरत मास्टरकर्मी कर्मचारियों को स्थाई कर्मी घोषित किया जाए।

स्थाई कर्मचारी को नियमित कर्मचारियों का दर्जा घोषित करते हुए सातवां वेतनमान वर्ष 2016 से मूलभूत सुविधा चिकित्सा का लाभ भी दिया जाए। समस्त विभाग में अस्थाई कर्मचारियों को अर्जित अवकाश का लाभ दिया जाए। केंद्र के समान ग्रेच्युटी की राशि 25 लाख रुपए भी दिए जाएं। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी स्थाई कर्मी सुरक्षा श्रमिक मास्टर कर्मी चौकीदार अंशकालीन कर्मचारी को पूर्व की भांति अनुकंपा नियुक्ति चालू की जाए। कर्मचारियों का अर्धवार्षिक सेवा नियुक्ति का भुगतान समय सीमा में हो एसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मी सुरक्षा श्रमिक मास्टर कमी अंशकालीन कर्मचारी को

आयुष्मान चिकित्सा का लाभ भी दिया जाए। मजदूरों का शोषण करने वाले कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाए। समस्त विभागों में कार्य कर्मचारियों को गणना कर पुरानी पेंशन दी जाए। ज्ञापन का वाचन रामलाल पुरोहित ने किया प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन वृद्धि एरियर का भुगतान समय सीमा में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए श्रमिक महासंघ भारतीय मजदूर संघ सर्व समिति से निर्णय अनुसार सरकार का ध्यान आकर्षण कर श्रमिक पंचायत सम्मेलन बुला कर समस्या का निराकरण किया जावे।

कर्ज के दबाव में महिला ने खाया ज़हर, मौत

इंदौर. द्वारकापुरी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने सुबह कर्ज के दबाव और लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर ज़हर खा लिया. परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. महिला ने कुछ माह पूर्व पैसे उधार लिए थे और उस पर एग्रीमेंट के तहत आज अंतिम दिन था. आरोप है कि ब्याज और धमकियों के चलते वह दो दिनों से मानसिक तनाव में थी.

मृतका की पहचान रानी पति घनश्याम सोनी निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है. परिजनों ने पुलिस को बताया कि रानी के पति ने किसी योगेश नामक व्यक्ति से कुछ समय पहले रुपए उधार लिए थे, जो मूल राशि चुका चुके थे, लेकिन ब्याज और उस पर भी ब्याज की लगातार मांग की जा रही थी. आरोप है कि पैसे देने वाले ने तीन महीने पहले पुलिस में भी शिकायत की थी, जिसके बाद एक लिखित एग्रीमेंट कराया था. परिजनों का कहना है कि योगेश लगातार धमकियां दे रहा था और महिला पर मानसिक दबाव बना रहा था. कथित तौर पर वह बार-बार जेल भिजवाने की बात कह रहा था. एग्रीमेंट की अवधि शाम पांच बजे समाप्त होती इससे पहले ही सुबह रानी ने सल्फास की गोलियां खा लीं. पुलिस को मौके से फटे हुए सुसाइड नोट के टुकड़े भी मिले हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि महिला ने अपनी पीड़ा लिखी थी लेकिन आत्महत्या से पूर्व उसे फाड़ दिया. द्वारकापुरी पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने पर जांच शुरू कर दी गई है और मर्ग कायम किया जाएगा.

वर्दी में रील बनाना पड़ सकता है भारी, डीजीपी का सख्त आदेश

इंदौर. मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय ने वर्दी की गरिमा बनाए रखने को लेकर सख्त रुख अपनाया है. रीवा ज़ोन की एक महिला पुलिसकर्मी द्वारा ड्यूटी के दौरान वर्दी में रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने की घटना के बाद अब डीजीपी कैलाश मकवाना ने सभी पुलिसकर्मियों को चेताया है कि ड्यूटी के दौरान या वर्दी में किसी भी प्रकार की रील या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट न करें. पुलिस मुख्यालय से सभी ज़ोन, रेंज और जिलों को स्पष्ट निर्देश भेजे गए हैं. इसके तहत सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिया है कि वे अपने अधीनस्थों को यह निर्देश रोल कॉल के दौरान पढ़कर सुनाएं और इसका पालन सुनिश्चित करें.

ऑनलाइन सट्टा गैंग का मास्टरमाइंड ग्वालियर से गिरफ्तार

- वेबसाइट के ज़रिए चलता था क्रिकेट समेत सैकड़ों गेम्स पर सट्टा
- अब तक दस आरोपियों को किया गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. क्राईम ब्रांच इंदौर की सतर्कता और लगातार निगरानी के चलते ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में सट्टा चलाने वाली अंतरराज्यीय गिरोह का एक और बड़ा आरोपी गिरफ्त में आ गया है. इस हाईटेक सट्टा नेटवर्क के फरार टेक्नीकल मॉनीटर विकास बंसल को पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार किया है. विकास सट्टे की वेबसाइट वरुण ऑनलाइन हब से जुड़ी ब्रांचों की तकनीकी मॉनिटरिंग करता था और क्लाइंट्स को तकनीकी सहायता भी देता था.

इस मामले में अब तक दस

आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जिनमें मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार और राजस्थान के युवक शामिल हैं. आरोपियों द्वारा इंदौर के संयोगितागंज क्षेत्र स्थित ऊषागंज के एक फ्लैट से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित किया जा रहा था. ग्राहक को आईडी-पासवर्ड देकर वेबसाइट पर लॉगइन करवाया जाता था और गेम के हर मोड़ पर हार-जीत के दांव लगवाए जाते थे. क्राईम ब्रांच ने इस गिरोह के ठिकाने से अब तक की कार्रवाई में 29 मोबाइल, 2 लैपटॉप, 1 कंप्यूटर, 7 चेकबुक, 4 पासबुक, कई एटीएम कार्ड्स, 6.5 लाख रुपए नकद और एक अर्टिगा कार जब्त की है. साथ ही करोड़ों रुपए का सट्टे से जुड़ा ऑनलाइन रिकॉर्ड भी पुलिस के हाथ लगा है. मामले में एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया का कहना है कि सभी डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है. गिरफ्तार आरोपियों में इंदौर का रहने वाला हिमांशू खंडेलवाल, उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में रहने वाला रविन्द्र गौतम, राजस्थान के भरतपुर में रहने वाला विवेक कुमार, बिहार के मधुबनी में रहने वाला अमित मंडल के साथ यहीं का रहने वाला कृष्णा कुमार और कन्हैया पांडे, इंदौर का निखिल खंडेलवार, लक्की उर्फ अभिजीत चौहान, राकेश जैन स्थायी निवासी ललितपुर, हाल निवासी इंदौर के साथ ग्वालियर के रहने वाले विकास बंसल को गिरफ्तार किया है. विकास बंसल एमबीए पास है, और इस गिरोह का टेक्निकल ऑपरेटर था, जो ग्राहकों को वेबसाइट पर गेमिंग से जुड़ी समस्याओं का समाधान देता था और ऑनलाइन ब्रांचों की निगरानी करता था.

ऐसे चलता था ऑनलाइन सट्टे का खेल

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वेबसाइट वरुण ऑनलाइन हब पर 24×7 चलने वाले सैकड़ों गेम्स में ग्राहक अपनी सुविधा अनुसार दांव लगाते थे. प्रत्येक ग्राहक को अलग-अलग बैंक खातों में पेमेंट करने के बाद एक वर्चुअल आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया जाता था, जिस पर प्वॉइंट्स क्रेडिट किए जाते थे. इसके बाद संबंधित वेबसाइट पर लॉग इन कर ग्राहक मनचाहा गेम चुनकर सट्टा लगाते थे. आईडी जनरेशन से लेकर प्वॉइंट ट्रांसफर तक पूरा सिस्टम हाईटेक, ग्राहक की मांग पर आरोपियों द्वारा वर्चुअल आईडी और पासवर्ड तैयार किए जाते थे, ग्राहकों से ली गई रकम अलग-अलग बैंक खातों में जमा कराई जाती थी. जमा रकम के अनुसार आईडी में पॉइंट्स क्रेडिट किए जाते थे, जो दांव लगाने के काम आते थे. इसके बाद ही ग्राहक वरुण ऑनलाइन हब पर लॉग इन कर मनचाहा गेम चुनता और 24×7 दांव खेलता था. आरोपियों द्वारा लिंक भेजकर वेबसाइट तक पहुंच दिलाई जाती थी, जिससे सट्टा सीधा मोबाइल या लैपटॉप से संचालित होता था. पूरी प्रक्रिया मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर से रीयल टाइम मॉनिटर की जाती थी. टेक्निकल मॉनिटर विकास बंसल वेबसाइट की सभी ब्रांचों की निगरानी और क्लाइंट सपोर्ट का काम करता था.

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रृंगेश्वर धाम पर पूर्व की तैयारियों का किया निरीक्षण

झाबुआ। माही नदी एवं मधुकन्या नदी के संगम पर स्थित श्रृंगेश्वर धाम पर गुरु पूर्णिमा एवं श्रावण सोमवार के पूर्व की तैयारियों का कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल ने जायजा लिया। श्रृंगेश्वर धाम पर की गयी तैयारियों के संबंध में एसडीएम तनुश्री मीणा द्वारा अवगत कराया कि वर्तमान में नदी किनारों को बाँस-बल्ली से सुरक्षित किया गया है। स्नान के लिए अलग से कम गहरे स्थान का चुनाव किया गया है। 40 कोटवारों की ड्यूटी लगाकर सुरक्षा के इंतेजाम किये गये है एवं किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए एसडीईआरएफ की टीम एवं कुशल गोताखोर उपस्थित है। गुरु पूर्णिमा स्नान के संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्नान के स्थान पर उचित सूचना हेतु बैनर लगाया जाए, भीड़ की स्थिति में कोटवारों के अतिरिक्त

पटवारियों की ड्यूटी लगायी जाए, अतिरिक्त बैरीकेडिंग की व्यवस्था के लिए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। साथ ही गोताखोरो हेतु नाविकों की मदद लिये जाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कलेक्टर ने सेंट्रल अनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था करने एवं 15 वर्ष की आयु से कम बच्चों के स्नान के लिए नवनिर्मित में कुंड में कराये जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण अमला सक्रिय रहे। प्रत्येक श्रावण सोमवार को भी सक्रियता से कार्य कर शांतिपूर्वक त्यौहार संपन्न करायें। कलेक्टर ने कहा कि अतिरिक्त संसाधन की आवश्यकता होने पर मांग करें जो जिला स्तर से उपलब्ध करा दिये जाएंगे। डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट को निर्देशित किया कि गोताखोरों को स्पेशल टीम को कार्यक्रम के संबंध में समुचित ब्रीफिंग दी जाए। पुलिस अधीक्षक शुक्ल ने सभी स्पार्ट पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाने के निर्देश दिये। साथ ही किसी प्रकार की आपदा ना हो पाए इस हेतु मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिये। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद तनुश्री मीणा, सहायक कलेक्टर आशीष कुमार, एसडीओपी पेटलावद अनुरक्ति सबनानी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग आरिफ अहमद गोरी, तहसीलदार पेटलावद अनिल बघेल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।